>

Title: Need to identify children who lost their parents due to Covid-19 and extend adequate financial help for their upbringing and education-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): वर्तमान उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश भर में अब तक 4,18,987 लोग कोरोना का शिकार हो चुके हैं । एक अनुमान के अनुसार इस विश्वव्यापी बीमारी के कारण देश भर में लगभग 1,19,000 बच्चे अनाथ हो गए हैं क्योंकि उनके माता'-पिता इस बीमारी के शिकार हो गए हैं तथा अब उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं हैं । हालांकि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री केयर फंड से ऐसे प्रत्येक बच्चों के लिए 10 लाख रूपयों के फिक्स डिपाजिट करने तथा 18 वर्ष की आयु तक इस डिपाजिट के ब्याज से हर महीने स्टाइपंड देने की घोषणा की है । साथ ही उनकी शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था करने का भी प्रावधान किया गया है । सभी राज्य सरकारें भी इस विषय में अपने अपने पैकेज की घोषणा कर रही हैं । परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे पीड़ित हर बच्चे की पहचान कर उसे इन घोषित पैकेज के माध्यम से सहायता शीघ्रातिशीघ्र पहचान कराई जाए । हालांकि महाराष्ट्र में कोरोना से अब तक 1,30,918 लोगों की मृत्यु हुई है अपितु यहां अनाथ हुए केवल 5000 बच्चों की ही पहचान हो पार्इ है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि पूरे देश में कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों की पहचान करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए तथा जहां तक संभव हो ऐसे अनाथ हुए प्रत्येक बच्चे की पहचान कर उसे सरकार द्वारा घोषित पैकेज के तहत वयस्क होने तक मासिक सहायता दिया जाना सुनिश्चित करने, उनका लालन पालन व शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था शीघ्रातिशीघ्र करने हेतु आवश्यक कदम उठाए ।